यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गई किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी के माह 04/2010 से 01/2017 तक के लेखा–अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री एस0के0 गुप्ता, श्री भानुप्रताप सिंह, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों एवं श्री विजय कुमार, वरिष्ठ लेखापरीक्षक द्वारा दिनॉक 25.02.2017 से 08.03.2017 तक श्री आई0के0 जुयाल, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## भाग–I

1. **परिचयात्मकः–** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री एस0के0 वर्मा एवं श्री अनुज कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों द्वारा दिनॉक 08.12.2010 से 20.12.2010 तक सम्पादित की गई थी, जिसमें वित्तीय वर्ष 2008–09 एवं वर्ष 2009–10 तक के लेखा–अभिलेखों की जॉच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 04/2010 से 01/2017 तक के लेखा–अभिलेखों की जॉच की गयी।

2. **(i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः**

इकाई के अन्तर्गत केन्द्र, राज्य एवं जिला योजनाओं से स्वीकृत पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य अनुबन्ध एवं ग्राम स्वच्छता एवं पेयजल समितियों के माध्यम से किए जाते हैं तथा निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं लेखाबन्दी के पश्चात् निर्मित योजनाओं को अनुरक्षण/रख–रखाव हेतु जल संस्थान को हस्तगत कर दिया जाता है। इकाई का भौगोलिक अधिकार क्षेत्र सम्पूर्ण जनपद उत्तरकाशी हैं, जिनमें पेयजल योजनाओं का निर्माण किया जाता है।

(ii) (अ) विगत सात वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

(लाख रुपये में)

| वर्ष | प्रारम्भिक अवषेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | स्थापना | | गैर स्थापना | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थापना | गैर स्थापना | आबंटन | व्यय | आबंटन | व्यय | आधिक्य (+) | बचत (-) | आधिक्य (+) | बचत (-) |
| 2010–11 | – | 1254.986 | 145.658 | 145.658 | 312.090 | 1132.989 | – | – | | 434.087 |
| 2011–12 | – | 434.087 | 161.308 | 161.308 | 524.307 | 291.865 | – | – | | 666.529 |
| 2012–13 | – | 666.529 | 191.124 | 191.124 | 481.897 | 518.441 | – | – | | 629.985 |
| 2013–14 | – | 629.985 | 205.316 | 205.316 | 536.753 | 528.961 | – | – | | 637.777 |
| 2014–15 | – | 637.777 | 214.742 | 214.742 | 985.012 | 476.211 | – | – | | 1146.578 |
| 2015–16 | – | 1146.578 | 253.923 | 253.923 | 580.270 | 1001.019 | – | – | | 725.829 |
| 2016–17 | – | 725.829 | 245.463 | 245.463 | 359.190 | 744.010 | – | – | | 341.009 |

(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत् हैः

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | प्राप्त | व्यय | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010—11 | | 115.940 | 0.000 | 0.000 | — | 115.940 |
| 2011—12 | | 115.940 | 196.050 | 50.990 | — | 261.00 |
| 2012—13 | | 261.00 | 75.870 | 213.973 | — | 122.897 |
| 2013—14 | एन0आर0डब्ल्यू0 डी0 पी0 | 122.897 | 0.000 | 20.698 | — | 102.199 |
| 2014—15 | | 102.199 | 56.690 | 84.000 | — | 74.889 |
| 2015—16 | | 74.889 | 0.000 | 74.889 | — | — |
| 2016—17 | | — | 89.530 | 44.127 | — | 45.403 |

(iii) इकाई को बजट आबंटन केन्द्र, राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत पेयजल योजनाओं हेतु मुख्यालय एवं जिला योजना के अन्तर्गत स्वीकृत योजनाओं हेतु जिलाधिकारी के माध्यम से प्राप्त होता है। स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई ब श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत् हैः




(iv) **लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी को आच्छादित किया गया। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय अधिशासी

अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी की लेखापरीक्षा में पाए गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह मार्च 2013, जनवरी 2014, मार्च 2016 एवं जनवरी 2017 को अधिकतम व्यय के आधार पर विस्तृत जॉच हेतु चयनित किया गया। इकाई में संचालित पेयजल योजनाओं में से 12 पेयजल योजनाओं का चयन विस्तृत विश्लेषण हेतु किया गया। प्रतिचयन प्रत्येक वर्ष के अन्तिम माह तक की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के आधार पर किया गया।

(v) लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाए गये नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी0पी0सी0 एक्ट 1971) की धारा 13 लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गई।

3. अधीक्षण अभियंता द्वारा विगत लेखापरीक्षा से अब तक की अवधि में दिनॉक 07.03.2017 में माह फरवरी 2017 तक का निरीक्षण किया गया।

4. खण्ड के भण्डार लेखों की अर्द्ववार्षिक लेखाबन्दी तथा यंत्र–संयंत्र लेखों की वार्षिक लेखाबन्दी 31 मार्च 2016 तक की गई।

5. कार्यालय में फार्म 51 तैयार किए जाने का कोई प्रावधान नहीं है।

6. कार्यालय में इस तरह के अभिलेख एवं सूचना तैयार किए जाने का प्रावधान नहीं है।

## भाग–II 'अ'

## प्रस्तर–1 पेयजल योजनाओं के निर्माण पर रु0 323.09 लाख निरर्थक व्यय।

शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2009–10 में जिला योजना के अन्तर्गत स्वैप आधारित संग्राली–पाटा एवं बौंगाडी पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु रु0 558.46 लाख[1] की प्रशासकीय अनुमोदन एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई (मार्च 2010)। स्वीकृति के सापेक्ष शाखा कार्यालय को अद्यतन रु0 546.49 लाख[2] प्राप्त हुए। स्वीकृत पेयजल योजनाओं के अनुसार संग्राली–पाटा पेयजल योजना से संग्राली, पाटा, बगियालगॉव ग्राम पंचायतों की 1891 जनसंख्या तथा बौंगाडी पेयजल योजना से ग्रांम पंचायत बौंगाडी, कुरोली, कंकराडी एवं थलन की 2450 जनसंख्या को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जानी थी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी के उक्त पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित लेखा–अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि योजनाओं की प्राविधिक स्वीकृति मुख्य अभियंता (गढवाल) द्वारा प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति से पूर्व संग्राली–पाटा (24.11.2009) एवं बौंगाडी (21.11.2009) में प्रदान की गई, जबकि उत्तराखण्ड प्रोक्यूर्मेंट नियमावली 2008 के प्रस्तर 29 के अनुसार वित्तीय स्वीकृति के पश्चात् विस्तृत आगणन पर प्राविधिक स्वीकृति प्रदान की जानी चाहिए थी। आगे, जॉच में पाया गया कि स्वैप आधारित बहुल ग्राम की पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य दो भागों (i) श्रोत, गुरुत्वमेन एवं जलाशयों का कार्य अनुबन्ध के आधार पर ठेकेदारों द्वारा तथा (ii) वितरण लाईन एवं स्टैण्ड पोस्ट का कार्य सम्बन्धित ग्राम पंचायतों की ग्राम स्वच्छता एवं पेयजल समितियों के माध्यम से किया जाना था। दोनों पेयजल योजनाओं के प्रथम भाग के श्रोत, गुरुत्वमेन एवं जलाशयों के कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की गई (02.07.2010), जिसके सापेक्ष मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति द्वारा एकमात्र निविदादाता मै0 के0बी0 एसोसिएट, देहरादून की निविदा को योजनाओं की प्राथमिकता एवं अवमुक्त धनराशि के जनहित में शीघ्र उपयोग किए जाने को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकार की गई (04.09.2010)। दोनों पेयजल योजनाओं के कार्यों हेतु रु0 379.32 लाख (संग्राली–पाटाः रु0 163.88 लाख एवं बौंगाडीः रु0 215.44 लाख) के दो अनुबन्ध गठित किए गये, जिसके अनुसार कार्य प्रारम्भ एवं समापन की तिथियॉ क्रमशः 25.10.2010 एवं 24.04.2012 थी। वास्तविक रुप से संग्राली–पाटा पेयजल योजना का कार्य रु0 167.56 लाख के साथ

---

[1] संग्राली–पाटा पे0यो0 : रु0 242.77 लाख एवं बौंगाडी पेयजल योजना : रु0 315.69 लाख

[2] संग्राली–पाटा पे0यो0 : रु0 237.42 लाख (07.10.2009 : रु0 63.00 लाख, 23.12.2010 : रु0 113.06 लाख एवं 19.04.2011 : रु0 61.36 लाख) एवं बौंगाडी पे0यो0 : रु0 309.07 लाख (07.10.2009 : रु0 108.26 लाख, 30.04.2010 : रु0 84.19 लाख, 23.12.2010 : रु0 80.00 लाख एवं वर्ष 2010 : रु0 36.62 लाख)

20.07.2014 एवं बौंगाडी पेयजल योजना का कार्य रु0 233.96 लाख के साथ 13.09.2014 में पूर्ण किए गये। अनुबन्ध के अनुरुप निर्मित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित एवं सम्पादित कार्यों का विवरण निम्नवत् थाः–

| क्र0 | कार्य का नाम | संग्राली–पाटा | | बौंगाडी | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रस्तावित | सम्पादित | प्रस्तावित | सम्पादित |
| 1. | श्रोत कार्य | 1 नग | 1 नग | 1 नग | 1 नग |
| 2. | गुरुत्वमेन (सप्लाई लाईन) | 25350 मी0 | 23232.75 मी0 | 28760 मी0 | 28618 मी0 |
| 3. | जलाशय | 3 नग | 3 नग | 4 नग | 4 नग |

दोनों पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण होने (जुलाई एवं सितम्बर 2014) एवं अन्तिम देयकों के भुगतान (सितम्बर 2014) किए जाने के एक वर्ष पश्चात् (18.09.2015) ठेकेदार द्वारा अवगत कराया गया कि संरेखण (alignment) की गलत डिजाइन के कारण योजना में पानी की आपूर्ति किया जाना सम्भव नहीं है। इसके पश्चात अधिशासी अभियंता ने भी सूचित किया (30.12.2015) कि संग्राली–पाटा योजना में लगभग 5.00 किमी0 पाईप लाईन का संरेखण (alignment) बदलना आवश्यक है क्योंकि पाईप लाईन इतनी डाउन बिछा दी गई है जिसके कारण पाईप लाईन में अत्यधिक दबाव (Back Pressure) होने के कारण पाईप के जोड छिटक रहे हैं तथा इस योजना से पेयजल आपूर्ति सम्भव नहीं हो पा रही है। इसीप्रकार, बौंगाडी पेयजल योजना के सम्बन्ध में बताया कि निर्माण के उपरान्त बादल फटने के कारण श्रोत पर दलदल एवं स्लिप जोन उत्पन्न हो गया है तथा कई बार मरम्मत किए जाने के बावजूद भी श्रोत सही नहीं हो पा रहा है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिलाधिकारी द्वारा भी बौगाडी पेयजल योजना के सम्बन्ध में बताया (23.02.2016) कि गलत संरेखण (alignment) के कारण गॉवों में पानी नहीं पहुॅच पा रहा है, जिस पर अधिशासी अभियंता द्वारा सूचित किया (25.02.2016) कि निर्मित श्रोत स्लिप जोन में परिवर्तित हो गया है जिसके कारण योजना पर पानी चलाना सम्भव नहीं है। दोनों निर्मित पेयजल योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति न होने पर शाखा कार्यालय द्वारा (06.05.2016) संग्राली–पाटा पेयजल योजना में संग्राली ग्राम पंचायत में ट्यूबैल की व्यवहार्यता (feasibility) कराई गई। जिसकी व्यवहार्यता रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी थी (अक्टूबर 2016) तथा उक्त स्थल पर ट्यूबैल हेतु बोर भी किया जा चुका था। योजना हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा था, प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त होने पर संग्राली, पाटा एवं बगियालगांव को पेयजल आपूर्ति सुचारु हो जाएगी तथा बौंगाडी पेयजल योजना हेतु मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 528/2015 के अनुरुप एक अन्य योजना किशनपुर ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना लागत रु0 770.84 लाख का आगणन तैयार कर शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जा चुका था (26.08.2016) जिसके अनुसार अन्य स्थल से पानी लिफ्ट कर पूर्व में निर्मित श्रोत एवं गुरुत्वमेन में बिछाई गई 28,618 मी0 में से 21,900 मी0 (80 एम0एम0) जी0आई0 पाईप को छोडकर शेष 7,528 मी0 गुरुत्वमेन, चारों जलाशयों, वितरण लाईन एवं स्टैंड पोस्टों को नई योजना में उपयोग में लाया जाएगा।

उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं विवरण से स्पष्ट है कि पूर्व में अनुबन्धों के माध्यम से निर्मित श्रोत एवं गुरुत्वमेन पर हुआ व्यय रु0 323.09 लाख[3] निरर्थक सिद्ध हुआ।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर अधिशासी अभियंता ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए अपने उत्तर में बताया कि संग्राली–पाटा पेयजल योजना में लगभग 5.00 किमी0 लाईन का संरेखण बदलना आवश्यक है क्योंकि पाईप लाईन इतनी डाउन बिछा दी गई है। जिसके कारण पाईप लाईन में अधिक दबाव होने के कारण पाईप के जोड छिटक जा रहे हैं। पेयजल आपूर्ति हेतु वर्तमान में ट्यूबैल बोर किया जा चुका है एवं योजना हेतु प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। स्वीकृति मिलने पर पेयजल आपूर्ति की जाएगी। बौंगाडी पेयजल योजना के सम्बन्ध में बताया कि निर्मित श्रोत स्लिप जोन में परिवर्तित होने, संरेखण उचित न होने के कारण पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री घोषणा के अनुरुप किशनपुर ग्राम समूह पम्पिंग योजना का आगणन शासन को स्वीकृति हेतु प्रेषित किया गया है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि स्वीकृत शासनादेश के अनुसार योजनाओं पर कार्य करने से पूर्व विस्तृत मानचित्र एवं भूगर्भवेता की निरीक्षण जॉच किया जाना चाहिए था, जो कि इन पेयजल योजनाओं में नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त संरेखण के गलत होने का तात्पर्य है कि विभागीय अभियंताओं द्वारा गुरुत्वमेन बिछाते समय उचित निरीक्षण नहीं किया। उपरोक्त से विदित है कि शाखा कार्यालय द्वारा शासनादेश के प्रावधानों का पालन नहीं किया, परिणामस्वरुप न केवल रु0 323.09 लाख का निरर्थक व्यय हुआ अपितु जनसंख्या को भी पेयजल आपूर्ति का लाभ नहीं मिल पाया।

अतः पेयजल योजनाओं के निर्माण पर रु0 323.09 लाख निरर्थक व्यय का प्रकरण शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

[3] संग्राली–पाटा पे0यो0 : रु0 159,44,050.98 (व्यय रु0 16755502.98 – तीन जलाशयों की लागत रु0 8,11,452.00) एवं बौंगाडी पे0यो0 : रु0 163,64,586.40 (श्रोत : रु0 3,83,011.00 + गुरुत्वमेन 21,900 मी0 (80 एम0एम0) : रु0 159,81,575.40)

## भाग–II ‘ब’

### प्रस्तर–1 शासनादेश के प्रावधानों के विपरीत प्रतिशत प्रभार (सेन्टेज) की वसूली रु0 53.51 लाख के परिणामस्वरुप परिहार्य व्यय।

शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2009–10 में जिला योजना के अन्तर्गत स्वैप आधारित संग्राली–पाटा एवं बौंगाडी पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु रु0 558.46 लाख[4] की प्रशासकीय अनुमोदन एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई (मार्च 2010)। स्वीकृति आदेश के अनुसार योजनाओं की स्वीकृत लागत में किसी प्रकार का प्रतिशत प्रभार (सेन्टेज) देय नहीं था।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी के सम्बन्धित पेयजल योजनाओं के लेखा–अभिलेखों की जॉच में पाया गया कि निर्माण शाखा कार्यालय द्वारा शासनादेश (27 मार्च 2010) में उल्लिखित प्रावधान एवं विस्तृत आगणनों के विपरीत जिला योजना के अन्तर्गत स्वैप आधारित संग्राली–पाटा एवं बौंगाडी पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत निष्पादित किए गये कार्यों पर 12.50 *प्रतिशत* की दर से रु0 53.51 लाख का प्रतिशत प्रभार वसूला गया, जो कि अनियमित था। यहॉ तक कि स्वीकृत विस्तृत आगणनों में भी किसी प्रकार का सेन्टेज प्रावधानित नहीं किया गया था। परिणामस्वरुप न केवल रु0 53.51 लाख की धनराशि संग्राली–पाटा एवं बौंगाडी पेयजल योजनाओं की स्वीकृत राशि से कटौती की गई अपितु प्रतिशत प्रभार वसूलने के कारण शासनादेश के प्रावधानों के विपरीत भी कार्य किया गया।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर अधिशासी अभियंता ने अपने उत्तर में बताया कि सेन्टेज की कटौती अन्य पेयजल योजनाओं की भॉति ही की गई। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि योजनाओं की स्वीकृत लागत में किसी प्रकार का सेन्टेज देय नहीं होगा।

अतः शासनादेश के प्रावधानों के विपरीत प्रतिशत प्रभार (सेन्टेज) की वसूली रु0 53.51 लाख के परिणामस्वरुप परिहार्य व्यय का प्रकरण शासन के संज्ञान में लाया जाता है।

---

[4] संग्राली–पाटा पेयजल योजना : रु0 242.77 लाख एवं बौंगाडी पेयजल योजना : रु0 315.69 लाख

## भाग–II 'ब'

**प्रस्तर–2 रायल्टी की वसूली न किए जाने के कारण रु0 2.67 लाख की राजस्व हानि।**

शासन द्वारा रायल्टी हेतु खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली, 1963) अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2001 में राज्य के परिप्रेक्ष्य में समय–समय पर संशोधन किए गये। उक्त संशोधनों के अनुसार विहित प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त होने वाली बालू से भिन्न नदी तल में उपलब्ध साधारण बालू, मोरम, बजरी, बोल्डर एवं इसमें से कोई भी मिली–जुली अवस्था में हो, के लिए 07.08.2015 से रु0 90.00 प्रति घनमी0 के स्थान पर रु0 200.00 प्रति घनमी0 किया गया था, जिस पर हाई कोर्ट ने 10.12.2015 रोक लगा दी गई एवं पुरानी दरों पर ही रायल्टी वसूलने हेतु आदेशित किया गया। शासन द्वारा हाई कोर्ट के आदेश 10.12.2015 के पश्चात् 26.02.2016 से 18.05.2016 तक रु0 200.00 प्रति घनमी0 के स्थान पर रु0 194.50 प्रति घनमी0 एवं 19.05.2016 से रु0 194.50 प्रति घनमी0 के स्थान पर रु0 154.00 प्रति घनमी0 कटौती दरें निर्धारित की गई थी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी के रायल्टी से सम्बन्धित अभिलेखों की जॉच में पाया कि निर्माण कार्यों पर पत्थर, बालू एवं मिट्टी जो ठेकेदारों द्वारा प्रयोग में लाए गये थे, पर उपयोग की गई सामग्री पर रायल्टी संशोधित दरों के आधार पर वसूल नहीं की गई थी। परिणामस्वरुप रु0 2.67 लाख (**संलग्नक–1**) की रायल्टी की वसूली देयकों से नहीं की गई, जबकि रायल्टी की वसूली ठेकेदार के प्रत्येक देयक से उपयोग किए गये खनिज पदार्थों पर समय–समय पर हुए संशोधनों के आधार पर की जानी चाहिए थी। रायल्टी की वसूली न किया जाना न केवल ठेकेदार को अदेय लाभ पहुॅचाना हुआ, अपितु शासन को भी रु0 2.67 लाख के राजस्व से बंचित करना हुआ।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर अधिशासी अभियंता ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए अपने उत्तर में बताया कि संशोधित शासनादेश कार्यालय में प्राप्त न होने के कारण कटौती नहीं की जा सकी। संलग्नक में उल्लिखित कार्यो की पुनः समीक्षा की जाएगी एवं सही पाए जाने पर आगामी देयकों या अन्य कार्यों के देयकों से वसूली की जाएगी। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि रायल्टी की वसूली प्रत्येक देयक से उपयोग किए गये खनिज पदार्थों पर की जानी चाहिए थी।

अतः रायल्टी की वसूली न किए जाने के कारण रु0 2.67 लाख की राजस्व हानि का प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

संलग्नक–1

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | माप पुस्तिका के अनुसार | | | निर्धारित दर | वसूल की गई राशि | वसूली जाने वाली राशि | कम वसूली गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | माप की तिथि | प्रयुक्त पत्थर/ बालू ग्रीट | प्रदत्त दर | | | | |
| 1 | Chalkiniya Sanari W/s | 09.04.2016 | 171.48 | 80.00 | 194.50 | 13718.00 | 33352.86 | 19634.00 |
| | | | 36.08 | 90.00 | 194.50 | 3247.00 | 7018.00 | 3770.00 |
| 2 | Panjiyala w/s scheme | 14.04.2016 | 23.68 | 80.00 | 194.50 | 1894.00 | 4605.76 | 2711.00 |
| | | | 5.00 | 90.00 | 194.50 | 450.00 | 972.50 | 523.00 |
| 3 | Panjiyala w/s scheme | 12.04.2016 | 13.79 | 80.00 | 194.50 | 1103.00 | 2682.00 | 1579.00 |
| | | | 3.63 | 90.00 | 194.50 | 327.00 | 706.00 | 379.00 |
| 4 | Gain (Batra) Part I | 29.04.2016 | 19.38 | 80.00 | 194.50 | 1550.00 | 3769.41 | 2219.00 |
| | | | 0.55 | 90.00 | 194.50 | 50.00 | 106.98 | 57.00 |
| 5 | Jagantra Scheme w/s | 15.05.2016 | 11.39 | 80.00 | 194.50 | 911.00 | 2215.36 | 1304.00 |
| | | | 2.29 | 90.00 | 194.50 | 206.00 | 445.41 | 239.00 |
| 6 | Baledi Inter College | 04.06.2016 | 27.11 | 80.00 | 154.00 | 2169.00 | 4174.94 | 2006.00 |
| | | | 7.85 | 90.00 | 154.00 | 707.00 | 1208.90 | 502.00 |
| 7 | Singot New Basti | 21.05.2015 | 0.70 | 80.00 | 154.00 | 56.00 | 108.00 | 52.00 |
| | | | 0.30 | 90.00 | 154.00 | 27.00 | 46.00 | 19.00 |
| 8 | Kuraha Anusuchit Jati Basti w/s | 20.05.2016 | 32.18 | 80.00 | 154.00 | 2574.00 | 4955.72 | 2381.00 |
| | | | 5.45 | 90.00 | 154.00 | 491.00 | 839.30 | 349.00 |
| 9 | Bidehi Nomitok | 25.05.2016 | 26.00 | 80.00 | 154.00 | 2080.00 | 4004.00 | 1924.00 |
| | | | 13.00 | 90.00 | 154.00 | 1170.00 | 2002.00 | 832.00 |
| 10 | Malti Dhanti Noli Tamdan | 14.06.2016 | 38.53 | 80.00 | 154.00 | 3082.00 | 5934.00 | 2851.00 |
| | | | 6.17 | 90.00 | 154.00 | 555.00 | 950.00 | 395.00 |
| 11 | Payana w/s scheme | 23.06.2016 | 8.03 | 80.00 | 154.00 | 642.00 | 1236.62 | 594.00 |
| | | | 2.53 | 90.00 | 154.00 | 228.00 | 389.62 | 162.00 |
| 12 | Jakhari | 07.06.2016 | 0.36 | 80.00 | 154.00 | 28.80 | 55.44 | 26.64 |
| | | | 0.18 | 90.00 | 154.00 | 16.20 | 27.72 | 11.52 |
| 13 | Doli | 14.06.2016 | 0.66 | 80.00 | 194.50 | 52.80 | 128.37 | 75.57 |
| | | | 0.73 | 90.00 | 194.50 | 65.70 | 141.99 | 76.29 |
| 14 | Beludi Inter College | 11.04.2016 | 28.91 | 80.00 | 194.50 | 2312.80 | 5623.00 | 3310.20 |
| | | | 3.55 | 90.00 | 194.50 | 319.50 | 690.44 | 370.98 |
| 15 | Badangada Udri | 08.03.2016 | 16.30 | 80.00 | 194.50 | 1304.00 | 3170.35 | 1866.35 |
| | | | 6.23 | 90.00 | 194.50 | 560.70 | 1211.74 | 651.04 |
| 16 | Bugatok w/s scheme | 30.08.2015 | 88.29 | 80.00 | 200.00 | 7063.20 | 17658.00 | 10594.80 |
| | | | 9.70 | 90.00 | 200.00 | 873.00 | 1940.00 | 1067.00 |
| 17 | Singot New Basti | 04.04.2016 | 5.53 | 80.00 | 194.50 | 442.40 | 1075.59 | 633.19 |
| | | | 1.84 | 90.00 | 194.50 | 165.60 | 357.88 | 192.28 |
| 18 | Tildhar W/S Scheme(9L, 77-79) | 13.03.2016 | 25.96 | 80.00 | 194.50 | 2076.80 | 5049.22 | 2972.42 |
| | | | 6.16 | 90.00 | 194.50 | 554.40 | 1198.12 | 643.72 |
| 19 | Payan w/s scheme | 13.03.2016 | 31.93 | 80.00 | 194.50 | 2554.40 | 6210.39 | 3655.99 |
| | | | 4.81 | 90.00 | 194.50 | 432.90 | 935.55 | 502.65 |
| 20 | Lohari W/S Scheme | 02.04.2016 | 22.33 | 80.00 | 194.50 | 1786.40 | 4343.19 | 2556.79 |
| | | | 7.11 | 90.00 | 194.50 | 639.90 | 1382.90 | 743.00 |
| 21 | Maneti | 03.05.2016 | 23.06 | 80.00 | 194.50 | 1844.80 | 4485.17 | 2640.37 |
| | | | 1.09 | 90.00 | 194.50 | 98.10 | 212.005 | 113.91 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Pama Dokhri W/S | 02.04.2016 | 13.92 | 80.00 | 194.50 | 1113.60 | 2707.44 | 1593.84 |
| | | | 2.52 | 90.00 | 194.50 | 226.80 | 490.14 | 263.34 |
| 23 | Chhapra Gad (mainance) | 17.04.2016 | 22.66 | 80.00 | 194.50 | 1812.80 | 4407.37 | 2594.57 |
| | | | 7.09 | 90.00 | 194.50 | 638.10 | 1379.01 | 740.91 |
| 24 | Jaspur (Ext.) w/s scheme | 04.04.2016 | 27.14 | 80.00 | 194.50 | 2171.20 | 5278.73 | 3107.53 |
| | | | 5.51 | 90.00 | 194.50 | 495.90 | 1071.70 | 575.80 |
| 25 | Tuliyada(Ext) W/S Scheme | 10.05.2016 | 20.26 | 80.00 | 194.50 | 1620.80 | 3940.57 | 2319.77 |
| | | | 6.08 | 90.00 | 194.50 | 547.20 | 1182.56 | 635.36 |
| 26 | Srikal Khal W/S | 09.03.2016 | 53.82 | 80.00 | 194.50 | 4305.60 | 10467.99 | 6162.39 |
| | | | 9.21 | 90.00 | 194.50 | 828.90 | 1791.345 | 962.45 |
| 27 | Kuwan W/S Scheme | 03.03.2016 | 84.64 | 80.00 | 194.50 | 6771.20 | 16462.48 | 9691.28 |
| | | | 9.33 | 90.00 | 194.50 | 839.70 | 1814.69 | 974.99 |
| 28 | Bhald Gaon(312L, 147-149) | | 14.34 | 80.00 | 194.50 | 1147.20 | 2789.13 | 1641.93 |
| | | | 3.58 | 90.00 | 194.50 | 322.20 | 696.31 | 374.11 |
| 29 | Jadao w/s Scheme | 03.07.2016 | 20.21 | 80.00 | 154.00 | 1616.80 | 3112.34 | 1495.54 |
| | | | 4.14 | 90.00 | 154.00 | 372.60 | 637.56 | 264.96 |
| 30 | Syori Jalai W/S Scheme | 03.07.2016 | 60.30 | 80.00 | 154.00 | 4824.00 | 9286.20 | 4462.20 |
| | | | 13.75 | 90.00 | 154.00 | 1237.50 | 2117.50 | 880.00 |
| 31 | Dewal Sai W/S Scheme | 16.06.2016 | 32.58 | 80.00 | 154.00 | 2606.40 | 5017.32 | 2410.92 |
| | | | 4.15 | 90.00 | 154.00 | 373.50 | 639.10 | 265.60 |
| 32 | Bidehi Nomitok | 02.07.2016 | 10.82 | 80.00 | 154.00 | 865.60 | 1666.28 | 800.68 |
| | | | 5.40 | 90.00 | 154.00 | 486.00 | 831.60 | 345.60 |
| 33 | Bhitri vaika Pani | 19.07.2016 | 62.35 | 80.00 | 154.00 | 4988.00 | 9601.90 | 4613.90 |
| | | | 25.10 | 90.00 | 154.00 | 2259.00 | 3865.40 | 1606.40 |
| 34 | Bhitri Natural Source | 19.07.2016 | 53.04 | 80.00 | 154.00 | 4243.20 | 8168.16 | 3924.96 |
| | | | 9.77 | 90.00 | 154.00 | 879.30 | 1504.58 | 625.28 |
| 35 | Dora tok W/S Scheme | 28.06.2016 | 11.87 | 80.00 | 154.00 | 949.60 | 1827.98 | 878.38 |
| | | | 1.64 | 90.00 | 154.00 | 147.60 | 252.56 | 104.96 |
| 36 | Barqa tok | 20.09.2016 | 41.12 | 80.00 | 154.00 | 3289.60 | 6332.48 | 3042.88 |
| | | | 4.19 | 90.00 | 154.00 | 377.10 | 645.26 | 268.16 |
| 37 | Pasigad to Dardagaon | 21.08.2016 | 18.51 | 80.00 | 154.00 | 1480.80 | 2850.54 | 1369.74 |
| | | | 5.72 | 90.00 | 154.00 | 514.80 | 880.88 | 366.08 |
| 38 | Taluka Maradi W/S Scheme | 24.07.2016 | 48.74 | 80.00 | 154.00 | 3899.20 | 7505.96 | 3606.76 |
| | | | 5.02 | 90.00 | 154.00 | 451.80 | 773.08 | 321.28 |
| 39 | Salu(Ext.) | 13.10.2015 | 42.09 | 80.00 | 154.00 | 3367.20 | 6481.86 | 3114.66 |
| | | | 11.50 | 90.00 | 154.00 | 1035.00 | 1771.00 | 736.00 |
| 40 | Dhakara chari Source maint W/S | 23.04.2016 | 37.07 | 80.00 | 194.50 | 2965.60 | 7210.12 | 4244.52 |
| | | | 3.97 | 90.00 | 194.50 | 357.30 | 772.17 | 414.87 |
| 41 | kheda Part II W/S Scheme | 01.10.2016 | 2.41 | 80.00 | 154.00 | 192.80 | 371.14 | 178.34 |
| | | | 1.68 | 90.00 | 154.00 | 151.20 | 258.72 | 107.52 |
| 42 | Godi Kheda w/s Scheme | 04.04.2016 | 20.07 | 80.00 | 194.50 | 1605.60 | 3903.62 | 2298.02 |
| | | | 3.34 | 90.00 | 194.50 | 300.60 | 649.63 | 349.03 |
| 43 | khandgaon(ext) | 04.09.2016 | 138.46 | 80.00 | 154.00 | 11076.80 | 21322.84 | 10246.04 |
| | | | 43.18 | 90.00 | 154.00 | 3886.20 | 6649.72 | 2763.52 |
| 44 | Pindki w/s Scheme | 24.06.2016 | 13.18 | 80.00 | 154.00 | 1054.40 | 2029.72 | 975.32 |
| | | | 0.30 | 90.00 | 154.00 | 27.00 | 46.20 | 19.20 |
| 45 | Pujeli Pavat | 14.06.2016 | 5.34 | 80.00 | 154.00 | 427.20 | 822.36 | 395.16 |
| | | | 0.91 | 90.00 | 154.00 | 81.90 | 140.14 | 58.24 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | Pujeli Dhatudi | 13.10.2016 | 6.76 | 80.00 | 154.00 | 540.80 | 1041.04 | 500.24 |
| | | | 1.24 | 90.00 | 154.00 | 111.60 | 190.96 | 79.36 |
| 47 | Kiya dhara Bendai w/s scheme | 13.10.2016 | 9.83 | 80.00 | 154.00 | 786.40 | 1513.82 | 727.42 |
| | | | 0 | 90.00 | 154.00 | 0 | 0 | 0 |
| 48 | Seedak w/s scheme | 29.04.2016 | 6.07 | 80.00 | 194.50 | 485.60 | 1180.62 | 695.02 |
| | | | 1.93 | 90.00 | 194.50 | 173.70 | 375.39 | 201.69 |
| 49 | Sunara main(Ext.) | 28.04.2016 | 2.50 | 80.00 | 194.50 | 200.00 | 486.25 | 286.25 |
| | | | 0.30 | 90.00 | 194.50 | 27.00 | 58.35 | 31.35 |
| 50 | Bagasu w/s scheme | 29.04.2016 | 15.92 | 80.00 | 194.50 | 1273.60 | 3096.44 | 1822.84 |
| | | | 0.60 | 90.00 | 194.50 | 54.00 | 116.70 | 62.70 |
| 51 | Kiroli w/s scheme | 29.04.2016 | 56.76 | 80.00 | 194.50 | 4540.80 | 11039.82 | 6499.02 |
| | | | 11.43 | 90.00 | 194.50 | 1028.70 | 2223.14 | 1194.44 |
| 52 | Khurmola Nagkhala | 16.06.2016 | 49.80 | 80.00 | 154.00 | 3984.00 | 7669.20 | 3685.20 |
| | | | 8.13 | 90.00 | 154.00 | 731.70 | 1252.02 | 520.32 |
| 53 | Dangudhar w/s scheme | 16.06.2016 | 16.34 | 80.00 | 154.00 | 1307.20 | 2516.36 | 1209.16 |
| | | | 2.83 | 90.00 | 154.00 | 254.70 | 435.82 | 181.12 |
| 54 | Tuliyada W/S Scheme | 11.07.2016 | 39.07 | 80.00 | 154.00 | 3125.60 | 6016.78 | 2891.18 |
| | | | 7.47 | 90.00 | 154.00 | 672.30 | 1150.38 | 478.08 |
| 55 | Devjani w/s scheme | 20.07.2016 | 78.65 | 80.00 | 154.00 | 6292.00 | 12112.10 | 5820.10 |
| | | | 0 | 90.00 | 154.00 | 0 | 0 | 0 |
| 56 | Malla thel w/s scheme | 28.11.2015 | 27.10 | 80.00 | 200.00 | 2168.00 | 5420.00 | 3252.00 |
| | | | 2.55 | 90.00 | 200.00 | 229.50 | 510.00 | 280.50 |
| 57 | Vingsi THS scheme | 08.04.2016 | 38.05 | 80.00 | 194.50 | 3044.00 | 7400.73 | 4356.73 |
| | | | 11.55 | 90.00 | 194.50 | 1039.50 | 2246.48 | 1206.98 |
| 58 | Chatari w/s scheme | 08.04.2016 | 119.92 | 80.00 | 194.50 | 9593.60 | 23324.44 | 13730.84 |
| | | | 28.11 | 90.00 | 194.50 | 2529.90 | 5467.40 | 2937.50 |
| 59 | Matiyali Chhani w/s scehme | 04.04.2016 | 18.00 | 80.00 | 194.50 | 1440.00 | 3501.00 | 2061.00 |
| | | | 2.70 | 90.00 | 194.50 | 243.00 | 525.15 | 282.15 |
| 60 | Banitok w/s scheme | 03.04.2017 | 29.22 | 80.00 | 194.50 | 2337.60 | 5683.29 | 3345.69 |
| | | | 6.24 | 90.00 | 194.50 | 561.60 | 1213.68 | 652.08 |
| 61 | Chopadidhar | 05.04.2018 | 36.26 | 80.00 | 194.50 | 2900.80 | 7052.57 | 4151.77 |
| | | | 11.69 | 90.00 | 194.50 | 1052.10 | 2273.71 | 1221.61 |
| 62 | Bongari | 10.05.2016 | 29.87 | 80.00 | 194.50 | 2389.60 | 5809.72 | 3420.12 |
| | | | 10.11 | 90.00 | 194.50 | 909.90 | 1966.40 | 1056.50 |
| 63 | Paunti Godari | 03.04.2016 | 29.44 | 80.00 | 194.50 | 2355.20 | 5726.08 | 3370.88 |
| | | | 7.99 | 90.00 | 194.50 | 719.10 | 1554.06 | 834.96 |
| 64 | Hudoli w/s scheme | 09.04.2016 | 42.96 | 80.00 | 194.50 | 3436.80 | 8355.72 | 4918.92 |
| | | | 12.69 | 90.00 | 194.50 | 1142.10 | 2468.21 | 1326.11 |
| 65 | Silyan Akhroti | 09.04.2017 | 31.49 | 80.00 | 194.50 | 2519.20 | 6124.81 | 3605.61 |
| | | | 7.06 | 90.00 | 194.50 | 635.40 | 1373.17 | 737.77 |
| 66 | malla Ratlha w/s scheme | 22.06.2016 | 29.17 | 80.00 | 154.00 | 2333.60 | 4492.18 | 2158.58 |
| | | | 7.46 | 90.00 | 154.00 | 671.40 | 1148.84 | 477.44 |
| 67 | chatanami w/s scheme | 22.06.2016 | 21.00 | 80.00 | 154.00 | 1680.00 | 3234 | 1554.00 |
| | | | 6.27 | 90.00 | 154.00 | 564.30 | 965.58 | 401.28 |
| 68 | Thatak ext. w/s scheme | 20.06.2016 | 3.00 | 80.00 | 154.00 | 240.00 | 462.00 | 222.00 |
| | | | 0.30 | 90.00 | 154.00 | 27.00 | 46.20 | 19.20 |
| 69 | Thanki bhank w/s scheme | 21.10.2015 | 141.43 | 80.00 | 154.00 | 11314.40 | 21780.22 | 10465.82 |
| | | | 28.26 | 90.00 | 154.00 | 2543.40 | 4352.04 | 1808.64 |
| | Total: | | | | | | | **267124.54** |

**भाग–II 'ब'**

## प्रस्तर–3 पूर्ण पेयजल योजनाओं पर हुए व्यय रु0 32.26 करोड की अन्तिम लेखाबन्दी न किया जाना।

वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–V के प्रस्तर–514 प्रावधानित करता है कि किसी भी निर्माण कार्य के वास्तविक रुप से पूर्ण हो जाने के पश्चात् उसकी लेखाबंदी की जानी चाहिए तथा प्रस्तर–515 निर्देशित करता है कि लेखाबंदी से पूर्व नियमानुसार कार्य पूर्ण करने में हुए समस्त व्ययों को समायोजित कर लिया जाना चाहिए।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, उत्तरकाशी के अन्तर्गत निर्मित पेयजल योजनाओं से सम्बन्धित लेखा–अभिलेखों की नमूना जांच में पाया गया कि जून 2009 से दिसम्बर 2016 के दौरान पूर्ण हो चुकी 188 पेयजल योजनाओं, जिन पर रु0 32.26 करोड व्यय किया जा चुका था, (**संलग्नक–2**) पूर्ण होने के पश्चात् भी लेखापरीक्षा अवधि अर्थात फरवरी 2017 तक अन्तिम लेखाबन्दी नहीं की गई थी। परिणामस्वरुप इन कार्यों के पूर्ण होने की वास्तविकता एवं सुचारु रुप से उपयोगिता सिद्व होने पर प्रश्नचिन्ह लगता है। कार्यालय में इस तरह के स्पष्ट अभिलेख उपलब्ध नहीं थे जो यह पुष्टि करे कि उक्त पूर्ण पेयजल योजनाओं से उन उद्देश्यों की पूर्ति हो पा रही है जिनके लिए इनका निर्माण किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर अधिशासी अभियंता द्वारा उत्तर में बताया कि पूर्ण योजनाऐं जल संस्थान को हस्तगत न हो पाने के कारण लेखाबन्दी नहीं की जा सकी, जिस हेतु कार्रवाई गतिमान है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि वित्तीय हस्तपुस्तिका के अनुसार कार्य पूर्ण होने के पश्चात् अविलम्ब योजनाओं की अन्तिम लेखाबन्दी की जानी चाहिए थी।

अतः पूर्ण पेयजल योजनाओं पर हुए व्यय रु0 32.26 करोड की अन्तिम लेखाबन्दी न किए जाने का प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

संलग्नक–2

| Sl. No. | Scheme Name | Sanction Date | Completion Date | Total Sanctioned | Total Released | Total Expenditure |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Aaladanda w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.01 | 1.99 | 1.99 |
| 2 | Akatiyan w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.99 | 2.90 | 2.90 |
| 3 | Angoda w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 1.73 | 1.69 | 1.69 |
| 4 | Bedogkheda w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 1.99 | 1.97 | 1.97 |
| 5 | Bentadhar w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 6.14 | 6.11 | 6.12 |
| 6 | Bentasaur w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 3.10 | 3.02 | 3.02 |
| 7 | Bhaldgaon w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.26 | 2.22 | 2.22 |
| 8 | Bongadi w/s scheme | 11/4/2014 | 30/09/2015 | 12.11 | 11.74 | 11.74 |
| 9 | Chandeli w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.53 | 2.50 | 2.52 |
| 10 | Chantanami w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.35 | 2.29 | 2.29 |
| 11 | Choprali w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 4.04 | 3.84 | 3.85 |
| 12 | Dandakyari w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 3.12 | 3.06 | 3.07 |
| 13 | Darmamailli w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 1.90 | 1.88 | 1.88 |
| 14 | Darson w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 3.56 | 1.74 | 1.74 |
| 15 | Devli w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 9.93 | 9.51 | 9.51 |
| 16 | Dharali w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 4.36 | 4.12 | 4.12 |
| 17 | Didsari w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.02 | 1.90 | 1.90 |
| 18 | Godi dugadda w/s scheme | 11/6/2014 | 30/04/2015 | 2.85 | 2.82 | 2.82 |
